495/DILRMP

E-Mail

अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार
राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

क्रमांक:राम/भू.अ./DILRMP/F-139/MIS/1110

दिनांक:– 13-06-18

प्रभारी अधिकारी (DILRMP)
समस्त जिला

विषय :– MIS Portal पर Regular Updation, Monitoring कर सही सूचना वैब साइट पर अपडेट करने हेतु ।

महोदय,

DILRMP योजनान्तर्गत डिजिटाईजेशन ऑफ कैडस्ट्रल मैप के कार्यादेश के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शीघ्र ही किया जाना है। DILRMP योजनान्तर्गत सम्पादित कार्यों की समीक्षा हेतु एनआईसी, जयपुर द्वारा ऑनलाईन MIS Portal तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल पर आपके जिले से संबंधित सही सूचना अपडेट करने हेतु मण्डल द्वारा निर्देश जारी किए गए है। आज दिनांक MIS PORTAL पर उपलब्ध सूचना की समीक्षा करने पर पाया गया कि यह सूचना फर्म द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं से भिन्न है। यथा कुल तहसीलों की संख्या में, फर्म को उपलब्ध कराई गई कुल नक्शा शीटों की संख्या में अन्तर, फर्म द्वारा जिलों को उपलब्ध कराई जाने वाली डिजिटाईज्ड शीटों की संख्या में अन्तर, तरमीम हेतु उपलब्ध कराई गई डिजीटाईज्ड़ शीटों की संख्या में अन्तर, राजस्व ग्रामों की संख्या, अपवादित खातो की संख्या, लम्बित तरमीमों की संख्या, निस्तारित तरमीमों की संख्या, ई–धरती से लिंक शीटों की संख्या में भी अन्तर है।

इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि एमआईएस पोर्टल की सूचना तत्काल ही (दिनांक 15.06.2018 तक) आवश्यक रूप से Update करावें।

भवदीय

13/6/18

प्रभारी अधिकारी DILRMP,
राजस्व मण्डल राजस्थान
अजमेर